**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

## THE IMPRESSIVE TIMES

# J.C. BOSE IS AMONG THE TOP 127 ENGEENERING COLLEGE IN THE COUNTRY: VC PROF. DINESH KUMAR

**FARIDABAD:** J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad has maintained its excellence among the government universities of Haryana in the field of technical education. In the latest ranking released by National Institute Ranking Framework (NIRF) 2021, the university has been ranked best among state universities and institutes of Haryana in engineering and management category. In the National Institute Ranking Framework ranking list released by the Ministry of Education, J.C. Bose University has been ranked 127th in the engineering category. JC Bose University is the only government technical university in the state, which has made it to the top 127 engineering institutes of the country in the NIRF ranking. This year 6,000 colleges and universities participated in the sixth edition of NIRF 2021 rankings. In the engineering category only, 1143 institutes participated in the ranking, in which the university has come at 127th position. In Management Category, the University has ranked in the rank band of 76-100. This year for the first time the university has also participated in the university category and has registered its presence in the top 200 universities of the country. Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar has expressed satisfaction over the performance of the University in NIRF Rankings. He said that this time we were expecting a better rank in the engineering category. Despite this, we are top in the engineering category among the government universities of Haryana except NIT Kurukshetra, which is a central government institute. We have ranked in 76 - 100 rank band in Management category, which is the only government institute of the state government. For the first time the university has been successful in getting its admission in the university category. However, the ranking results and criteria will be seriously considered and efforts will be made to improve the ranking results next year. He said that the University is making continuous efforts for quality in education and research, as a result of which the University will be successful in bringing better results in the coming years. It is noteworthy that the National Institutional Ranking Framework has been launched to rank various universities and institutions of higher education in the country, in which academic, technical and research institutions are judged on the basis of various criteria.

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

## PUNJAB KESARI

# फिटनेस को प्रोत्साहन देने के लिए फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

**■ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने परिसर से दौड़ को झंडी दिखाकर किया रवाना**

फरीदाबाद, 9 सितम्बर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में युवाओं को फिटनेस के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया। फिट इंडिया फ्रीडम रन में विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने परिसर से दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने प्रतिभागियों से जीवन की प्रतिकूलताओं का सामना करने के लिए फिट रहने और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में मदद करने की अपील की। इस अवसर पर निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमारी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण के लिए स्वस्थ और सक्रिय नागरिक बनने की शपथ विश्वविद्यालय परिसर के चारों चक्कर लगाने के बाद फ्रीडम रन का समापन विश्वविद्यालय में जे.सी. बोस की प्रतिमा के समक्ष हुआ।




*फिटनेस शपथ लेते हुए विद्यार्थी।*

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

**PIONEER**

# जेसी बोस में फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में युवाओं को फिटनेस के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया। फिट इंडिया फ्रीडम रन में विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने परिसर से दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों से जीवन की प्रतिकूलताओं का सामना करने के लिए फिट रहने और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में मदद करने की अपील की। इस अवसर पर निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमारी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण के लिए स्वस्थ और सक्रिय नागरिक बनने की शपथ विश्वविद्यालय परिसर के चारों चक्कर लगाने के बाद फ्रीडम रन का समापन विश्वविद्यालय में जेसी बोस की प्रतिमा के समक्ष हुआ।

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

**SATYAJAY TIMES**

# फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन




**फरीदाबाद, 09 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में युवाओं को फिटनेस के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया। फिट इंडिया फ्रीडम रन में विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने परिसर से दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों से जीवन की प्रतिकूलताओं का सामना करने के लिए फिट रहने और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में मदद करने की अपील की। इस अवसर पर निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमारी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण के लिए स्वस्थ और सक्रिय नागरिक बनने की शपथ विश्वविद्यालय परिसर के चारों चक्कर लगाने के बाद फ्रीडम रन का समापन विश्वविद्यालय में जे.सी. बोस की प्रतिमा के समक्ष हुआ।

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

**HADOTI ADHIKAR**

# फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 9 सितम्बर। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में युवाओं को फिटनेस के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया। फिट इंडिया फ्रीडम रन में विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया।




कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने परिसर से दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों से जीवन की प्रतिकूलताओं का सामना करने के लिए फिट रहने और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में मदद करने की अपील की। इस अवसर पर निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमारी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण के लिए स्वस्थ और सक्रिय नागरिक बनने की शपथ विश्वविद्यालय परिसर के चारों चक्कर लगाने के बाद फ्रीडम रन का समापन विश्वविद्यालय में जेसी बोस की प्रतिमा के समक्ष हुआ।

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

**GURGAON MAIL**

# फिट इंडिया फ्रीडर रन 2.0 एनएसएस स्वयंसेवकों ने दिखाया उत्साह




**किशोर शर्मा / गुड़गांव मेल**

फरीदाबाद, 9 सितंबर। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में युवाओं को फिटनेस के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया।

फिट इंडिया फ्रीडम रन में विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने परिसर से दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों से जीवन की प्रतिकूलताओं का सामना करने के लिए फिट रहने और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में मदद करने की अपील की।

इस अवसर पर निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमारी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण के लिए स्वस्थ और सक्रिय नागरिक बनने की शपथ विश्वविद्यालय परिसर के चारों चक्कर लगाने के बाद फ्रीडम रन का समापन विश्वविद्यालय में जेसी बोस की प्रतिमा के समक्ष हुआ।

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

**HINDUSTAN**

# इंजीनियरिंग श्रेणी में शहर के दो संस्थान




**127** वां स्थान मिला जेसी बोस विश्वविद्यालय को

**118** वें पायदान पर रहा मानव रचना संस्थान

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) -2021 की इंजीनियरिंग श्रेणी में फरीदबाद के दो शैक्षणिक संस्थान जगह बनाने में सफल हुए हैं। इनमें राजकीय जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय 127वीं और निजी मानव रचना शैक्षणिक संस्थान ने 118वीं रैंक प्राप्त की है। वहीं, सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय की श्रेणी के शीर्ष-100 में फरीदाबाद का कोई जगह नहीं बना सका है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को 11 श्रेणी में शैक्षणिक संस्थानों की रैंकिंग ओवरऑल, यूनिवर्सिटी, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, कॉलेज, फार्मेसी, मेडिकल, आर्किटेक्चर, डेंटल कॉलेज, रिसर्च और लॉ कॉलेज की श्रेणी की रैंकिंग जारी की। इसमें इस वर्ष की रैंकिंग के लिए करीब छह हजार शैक्षणिक संस्थानों ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय श्रेणी की 150 से 200 की रैंकिंग में जेसी बोस विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है। इसके अलावा डेंटल कॉलेजों की रैंकिंग में भी मानव रचना इंस्टीट्यूट को 39वां स्थान मिला है। अन्य किसी श्रेणी में जिले के किसी संस्थान का नाम शामिल नहीं हुआ है। प्रदेश में सरकारी इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी में अकेले जेसी बोस विश्वविद्यालय को जगह मिली है।

## और बेहतर करेंगे : कुलपति

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस बार हम इंजीनियरिंग श्रेणी में बेहतर रैंक की उम्मीद कर रहे थे। अगली बार और बेहतर करेंगे। यह राज्य सरकार का एकमात्र सरकारी संस्थान है, जो पहली बार में ही अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने में सफल रहा।

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

**PUNJAB KESARI**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को शीर्ष 127 इंजीनियरिंग संस्थानों में मिला स्थान

फरीदाबाद, 9 सितम्बर(पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में अपने श्रेष्ठता बरकरार रखी है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2021 द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग और प्रबंधन श्रेणी में हरियाणा के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 127वां स्थान प्राप्त किया है। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी तकनीकी विश्वविद्यालय है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 127 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है। इस वर्ष एनआईआरएफ 2021 रैंकिंग के छठे संस्करण में 6,000 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। केवल

## विश्वविद्यालय के परिणाम संतोषजनक

## शीर्ष 100 संस्थानों में आना है अगला लक्ष्य - कुलपति प्रो. दिनेश कुमार

इंजीनियरिंग श्रेणी में 1143 संस्थानों ने रैंकिंग में हिस्सा लिया था, जिसमें विश्वविद्यालय 127वां स्थान पर आया है। मैनेजमेंट श्रेणी में विश्वविद्यालय ने 76-100 रैंक बैंड में स्थान बनाया है। इस वर्ष पहली बार विश्वविद्यालय ने युनिवर्सिटी श्रेणी में भी हिस्सा लिया और अपनी उपस्थिति देश के शीर्ष 200 विश्वविद्यालय में दर्ज करवाई है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने एनआईआरएफ रैंकिंग में विश्वविद्यालय के प्रदर्शन पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि इस बार हम इंजीनियरिंग श्रेणी में बेहतर रैंक की उम्मीद कर रहे थे। इसके बावजूद हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में हम इंजीनियरिंग श्रेणी में एनआईटी कुरुक्षेत्र जोकि केंद्र सरकार का संस्थान है, को छोड़कर राज्य में शीर्ष पर है। हमने मैनेजमेंट श्रेणी में 76 - 100 रैंक बैंड में स्थान बनाया है, जोकि राज्य सरकार का एकमात्र सरकारी संस्थान है। विश्वविद्यालय पहली बार युनिवर्सिटी श्रेणी में अपनी दर्ज करवाने में सफल रहा है। हालांकि रैंकिंग परिणामों एवं मानदंडों को लेकर गंभीरतापूर्वक विचार किया जायेगा और अगले वर्ष रैंकिंग परिणामों में सुधार को लेकर प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा व अनुसंधान में गुणवत्ता को लेकर निरंतर प्रयास कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आगामी वर्षों में विश्वविद्यालय बेहतर परिणाम लाने में सफल होगा।

उल्लेखनीय है कि देश में विभिन्न विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षा के संस्थानों को रैंकिंग देने के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क की शुरूआत की गई है, जिसमें अकादमिक, तकनीकी व अनुसंधान संस्थानों को विभिन्न मानदंडों के आधार पर परखा जाता है।

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

**DAINIK JAGRAN**

# फिट इंडिया रन में छात्रों ने उत्साह से लिया हिस्सा

**फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) विवि द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में युवाओं को फिटनेस के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया। फिट इंडिया फ्रीडम रन में विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भागं लिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने परिसर से दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर निदेशक युवा कल्याण डा. प्रदीप डिमरी ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण के लिए स्वस्थ और सक्रिय नागरिक बनने की शपथ दिलाई। (वि.)

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में हुई दौड़

एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में युवाओं को फिटनेस के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया। इसमें यूनिवर्सिटी के एनएसएस स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने परिसर से दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों से जीवन की मुश्किलों का सामना करने के लिए फिट रहने व एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में मदद करने की अपील की।

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

**HADOTI ADHIKAR**

# देश के शीर्ष 127 इंजीनियरिंग संस्थानों में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय

## – विश्वविद्यालय ने पहली बार देश के शीर्ष 100 प्रबंधन संस्थानों में जगह बनाई

**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 9 सितम्बर। जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में अपने श्रेष्ठता बरकरार रखी है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2021 द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग और प्रबंधन श्रेणी में हरियाणा के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 127वां स्थान प्राप्त किया है। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी तकनीकी विश्वविद्यालय है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 127 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है। इस वर्ष एनआईआरएफ 2021 रैंकिंग के छठे संस्करण में 6,000 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। केवल इंजीनियरिंग श्रेणी में 1143 संस्थानों ने रैंकिंग में हिस्सा लिया था, जिसमें विश्वविद्यालय 127वां स्थान पर आया है। मैनेजमेंट श्रेणी में विश्वविद्यालय ने 76-100 रैंक बैंड में स्थान बनाया है। इस वर्ष पहली बार विश्वविद्यालय ने युनिवर्सिटी श्रेणी में भी हिस्सा लिया और अपनी उपस्थिति देश के शीर्ष 200 विश्वविद्यालय में दर्ज करवाई है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने एनआईआरएफ रैंकिंग में विश्वविद्यालय के प्रदर्शन पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि इस बार हम इंजीनियरिंग श्रेणी में बेहतर रैंक की उम्मीद कर रहे थे। इसके बावजूद हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में हम इंजीनियरिंग श्रेणी में एनआईटी कुरुक्षेत्र जोकि केंद्र सरकार का संस्थान है, को छोड़कर राज्य में शीर्ष पर है।

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

## NAVBHARAT TIMES



# देश के शीर्ष 127 संस्थानों में शामिल हुआ जेसी बोस

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा के सरकारी यूनिवर्सिटीज में अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2021 की तरफ से जारी नई रैंकिंग में यूनिवर्सिटी को इंजीनियरिंग व प्रबंधन श्रेणी में हरियाणा की सरकारी यूनिवर्सिटीज व संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान मिला है। देश में यूनिवर्सिटी को इंजीनियरिंग श्रेणी में 127वां स्थान प्राप्त हुआ है। जेसी बोस यूनिवर्सिटी प्रदेश की एक मात्र सरकारी तकनीकी यूनिवर्सिटी है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 127 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है।

**NEWS CLIPPING:10.09.2021**

**SATYAJAY TIMES**

# देश के शीर्ष 127 इंजीनियरिंग संस्थानों में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय

**फरीदाबाद, 09 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में अपने श्रेष्ठता बरकरार रखी है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2021 द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग और प्रबंधन श्रेणी में हरियाणा के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 127वां स्थान प्राप्त किया है। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र सरकारी तकनीकी विश्वविद्यालय है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 127 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है। इस वर्ष एनआईआरएफ 2021 रैंकिंग के छठे संस्करण में 6,000 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। केवल इंजीनियरिंग श्रेणी में 1143 संस्थानों ने रैंकिंग में हिस्सा लिया था, जिसमें विश्वविद्यालय 127वां स्थान पर आया है। मैनेजमेंट श्रेणी में विश्वविद्यालय ने 76-100 रैंक बैंड में स्थान बनाया है। इस वर्ष पहली बार विश्वविद्यालय ने युनिवर्सिटी श्रेणी में भी हिस्सा लिया और अपनी उपस्थिति देश के शीर्ष 200 विश्वविद्यालय में दर्ज करवाई है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने एनआईआरएफ रैंकिंग में विश्वविद्यालय के प्रदर्शन पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि इस बार हम इंजीनियरिंग श्रेणी में बेहतर रैंक की उम्मीद कर रहे थे। इसके बावजूद हरियाणा के सरकारी विश्वविद्यालयों में हम इंजीनियरिंग श्रेणी में एनआईटी कुरुक्षेत्र जोकि केंद्र सरकार का संस्थान है, को छोड़कर राज्य में शीर्ष पर है। हमने मैनेजमेंट श्रेणी में 76 - 100 रैंक बैंड में स्थान बनाया है, जोकि राज्य सरकार का एकमात्र सरकारी संस्थान है। विश्वविद्यालय पहली बार युनिवर्सिटी श्रेणी में अपनी दर्ज करवाने में सफल रहा है। हालांकि रैंकिंग परिणामों एवं मानदंडों को लेकर गंभीरतापूर्वक विचार किया जायेगा और अगले वर्ष रैंकिंग परिणामों में सुधार को लेकर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा व अनुसंधान में गुणवत्ता को लेकर निरंतर प्रयास कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आगामी वर्षों में विश्वविद्यालय बेहतर परिणाम लाने में सफल होगा। उल्लेखनीय है कि देश में विभिन्न विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षा के संस्थानों को रैंकिंग देने के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क की शुरूआत की गई है, जिसमें अकादमिक, तकनीकी व अनुसंधान संस्थानों को विभिन्न मानदंडों के आधार पर परखा जाता है।